studies conducted by Sanyal and his associates on the contraceptive/ abortifacient activity of the essential oil of the plant as well as MXHQ were preliminary in nature. In one such human study (which was not controlled), MXHQ was reported to cause 50 per cent reduction in the number of spermatozoa the count reverting to normal level in about 4 days. There are a number of plants and natural products claimed to have contraceptive activity. While a large number of them do reveal some positive results in animal studies, so far, none of them has shown consistent and convincing effect in human beings.

गुजरात में ग्रामीण स्वास्थ्य योजना

2121. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में ग्रामीण स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत चलाई जा रही योजनाओं का जिलेवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस योजना के अन्तर्गत लिए गए कार्य का वर्षवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत निर्धारित किए गए लक्ष्यों का जिलेवार ब्यौरा क्या है और ये लक्ष्य किस हद तक पूरे हो गये हैं ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान इन योजनाओं के लिए जिलेवार कितना आवंटन किये जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्रीमती डी०के०तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) से (घ) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

औषध आपूर्तिकर्ताओं से कमीशन प्राप्त करना

2122. **मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उनके मंत्रालय के कुछ अधिकारी, केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के मेडिकल भंडार के अधिकारी और मेडिकल भंडार संगठनों के अधिकारी औषध आपूर्तिकर्ताओं से कमीशन ले रहे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इस कमीशन प्रणाली के कारण केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के अन्तर्गत घटिया किस्म की औषधियां सप्लाई की जाती हैं;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्रीमती डी०के० तारादेवी सिद्धार्थ)** : (क) इन संगठनों में किसी अधिकारी के शामिल होने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है । औषधियों की आपूर्ति वार्षिक मांग-पत्र द्वारा मेडिकल स्टोर डिपो के माध्यम से प्राप्त होती है । औषधों को स्वीकार करने से पहले मानक गुणवत्ता के लिए इन औषधों का शत-प्रतिशत पूर्व परीक्षण किया जाता है ।

(ख) से (घ) ये प्रश्न नहीं उठते ।

Charging of capitation fee by Dental Colleges

2123. DR. YELAMANCHILI SIVAJI : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) what is the number of Medical and Dental Colleges which are charging capitaiton fees ;

(b) the number and names of those which are recognised by the